पंजीयन क्र. 50309/85 के अन्तर्गत भारत सरकार के समाचार पत्रों के रजिस्ट्रार द्वारा पंजीकृत। डाक पंजीयन क्र. म.प्र./261/ भोपाल/2006-08

सईदन अम्मां

अरी ओ सईदन अम्मां
क्या ढूँढ रही है?
खो गया क्या तेरा
तू क्या ढूँढ रही है?

फूस के फूफा का पता
हवा की खाला का पता
बारिश की चाची का पता
पेड़ों की मासी का पता
तुझे पता हो तो बता
ढूँढ रही हूँ
वरना तू क्या पूछे
मैं क्या ढूँढ रही हूँ।

अरी ओ सईदन अम्मां
क्या ढूँढ रही है?
खो गया क्या तेरा
तू क्या ढूँढ रही है?

भैंस के भाई का पता
झाड़ की ताई का पता
कीकर की बाई का पता
ऊँट के नाई का पता
तुझे पता हो तो बता
ढूँढ रही हूँ
वरना तू क्या पूछे
मैं क्या ढूँढ रही हूँ?

अरी ओ सईदन अम्मां
क्या ढूँढ रही है?
खो गया क्या तेरा
तू क्या ढूँढ रही है?

गुजरात गई बेटी
ईरान गया बेटा
बहन भाई में से
कोई भी नहीं लौटा
तो बाँस की लाठी का पता
देश की माटी का पता
भूख की रोटी का पता
तुझे पता हो तो बता
ढूँढ रही हूँ
वरना तू क्या पूछे
मैं क्या ढूँढ रही हूँ?

प्रभात



रैक्स डी रोज़ारियो की ओर से निदेशक, एकलव्य द्वारा ई-10, शंकर नगर, बीडीए कॉलोनी, शिवाजी नगर, भोपाल - 16 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर. के. सिक्युप्रिन्ट प्रा. लि. 15-बी, जे. के. रोड इंडस्ट्रियल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल (फोनः 0755 - 2687589) से मुद्रित। सम्पादकः सुशील शुक्ल।